मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-257
06/05/2021

मुख्यमंत्री ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मतंग सिंह के निधन पर शोक और गहरी संवेदना व्यक्त की

पटना, 06 मई 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मतंग सिंह के निधन पर शोक और गहरी संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि मतंग सिह ने केन्द्र सरकार में मंत्री के रूप में जिम्मेवारी का निवर्हन किया था। उनका निधन दुखद है। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******